

लोक सभा सचिवालय
प्रेस एवं जन सम्पर्क स्कंध
संसद भवन, नई दिल्ली

LOK SABHA SECRETARIAT
Press and Public Relations Wing
Parliament House, New Delhi

प्रेस विज्ञप्ति PRESS RELEASE

**लोक सभा अध्यक्ष के नेतृत्व में भारतीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल 27 अक्तूबर, 2020 को वर्चुअल माध्यम से आयोजित होने वाले छठे ब्रिक्स संसदीय फोरम में भाग लेगा।**

**नई दिल्ली/कोटा, 27 अक्तूबर, 2020**: छठा ब्रिक्स संसदीय फोरम 27 अक्तूबर, 2020 को वर्चुअल माध्यम से आयोजित किया जाएगा। रशियन फेडरेशन की फेडरल असेम्बली की स्टेट ड्यूमा के चेयरमैन महामहिम व्यचस्लाव वोलोदिन बैठक की अध्यक्षता करेंगे। पांच ब्रिक्स देशों अर्थात् ब्राजील, रशियन फेडरेशन, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका की संसदों के अध्यक्ष और सदस्य फोरम में भाग लेंगे। लोक सभा के माननीय अध्यक्ष श्री ओम बिरला के नेतृत्व में एक भारतीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल फोरम में भाग लेगा और लोक सभा  की सदस्य श्रीमती कनिमोझी करूणानिधि इस प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा हैं। लोक सभा की महासचिव श्रीमती स्नेहलता श्रीवास्तव भी इस आयोजन में भाग लेंगी। फोरम का विषय "वैश्विक स्थिरता, जनसाधारण की सुरक्षा और प्रगतिशील विकास की दृष्टि से ब्रिक्स के सदस्य देशों के बीच भागीदारी: संसदीय आयाम" है। बैठक के दौरान फोरम कोविड-19 की पृष्ठभूमि में निम्नलिखित विषयों से जुड़े सभी प्रकार के मुद्दों पर चर्चा करेगा:

ब्रिक्स देशों के लोगों के जीवन की गुणवत्ता में सुधारः संसदीय आयाम

जन स्वास्थ्य देखभाल, कोविड-19 वैश्विक महामारी के दौरान लोगों की सामाजिक सुरक्षा, कोविड के बाद में समय में आर्थिक पुनर्वासन सहित सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के लिए सहायक उपायों तथा दूर-दराज के क्षेत्रों के विकास के लिए विधायी पहलों को तैयार करना।

ब्रिक्स देशों के बीच भावी संसदीय सहयोग को बढ़ावा देना।

सामान्य तौर पर फोरम की बैठकें अंतर्संसदीय संघ की सांविधिक सभाओं के दौरान आयोजित की जाती है। ब्रिक्स संसदीय फोरम की पहली बैठक 2015 में रशियन फेडरेशन की संसद की अध्यक्षता में मास्को में आयोजित हुई  थी। वर्ष 2016 में भारतीय संसद ने ब्रिक्स संसदीय फोरम की अध्यक्षता करते हुए अक्तूबर, 2016 में जेनेवा, स्विटजरलैंड में आयोजित 135वें अंतर्संसदीय संघ सभा के दौरान फोरम की बैठक का आयोजन किया था। इस बैठक की अध्यक्षता लोक सभा की तत्कालीन अध्यक्ष श्रीमती सुमित्रा महाजन ने की थी और सदस्य देशों अर्थात् ब्राजील, रूस, चीन और दक्षिण अफ्रीका के अध्यक्षों/पीठासीन अधिकारियों ने इसमें भाग लिया था।

अगस्त, 2016 में जयपुर, भारत में "महिला सांसदः सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति में सहायक" विषय पर ब्रिक्स महिला सांसदों के फोरम की भी बैठक आयोजित की गई थी। बैठक के अंत में जयपुर घोषणा को भी स्वीकृत किया गया था।

ब्रिक्स संसदीय फोरम व्यापक सामयिक वैश्विक मुद्दों के संबंध में सांसदों की भूमिका को सुदृढ़ करने के दृष्टिकोण से ब्रिक्स देशों की संसदों के बीच अंतर्संसदीय संवाद और संसदीय राजनय को सुगम बनाने के लिए एक प्रभावी मंच के रूप में उभरकर सामने आया है।

**Indian Parliamentary Delegation led by Lok Sabha Speaker to attend VIth BRICS Parliamentary Forum to be held in Virtual format on 27 October 2020**

**New Delhi/Kota, 27 October 2020**: The VIth BRICS Parliamentary Forum will be held in Virtual format on 27 October, 2020. The meeting will be chaired by the HE Vyachaslav Volodin, Chairman of the State Duma of the Federal Assembly of the Russian Federation. Speakers and members of five BRICS Parliaments namely Brazil, Russian Federation, India, China and South Africa will participate in the Forum. An Indian Parliamentary Delegation led by Shri Om Birla, Hon’ble Speaker,

Lok Sabha and consisting of Smt. Kanimozhi Karunanidhi, MP, Lok Sabha will attend the Forum. Smt. Snehlata Shrivastava, Secretary General, Lok Sabha will also attend the above event.

The theme of the Forum is BRICS partnership in the interest of global stability, general safety and innovative growth: Parliamentary dimension. During the meeting, in the backdrop of the COVID-19, the Forum will have discussions on a wide range of cross-cutting issues related to the following subjects:

Improvement in the quality of life of people of BRICS countries: Parliamentary dimension.

Preparation of legislative initiatives in the area of public health care, social protection of citizens during the COVID-19 pandemic, economic rehabilitation in the post-COVID period including the support measures to MSMEs and the development of distant regions.

Development of the future Parliamentary cooperation among BRICS countries.

The Meetings of the Forum are usually organized on the sidelines of the Statutory Assemblies of Inter Parliamentary Union (IPU). The first meeting of the BRICS Parliamentary Forum was held in Moscow under the Chairmanship of Parliament of Russian Federation in 2015. Indian Parliament was the Chair of the BRICS Parliamentary Forum in the year 2016 and had organized the meeting of the Forum during the 135th IPU Assembly held in October, 2016 in Geneva, Switzerland. The meeting was chaired by Smt. Sumitra Mahajan, the then Speaker of Lok Sabha and was attended by Speakers/Presiding officers of member countries viz. Brazil, Russia, China and South Africa.

A Meeting of BRICS Women Parliamentarians' Forum was also organized at Jaipur, India in August 2016 on the theme ‘Women Parliamentarians: Enablers for Achieving SDGs’. The Jaipur Declaration was also adopted at the end of the event.

BRICS Parliamentary Forum has emerged as an effective platform to facilitate inter-parliamentary dialogue and Parliamentary Diplomacy among the Parliaments of BRICS countries with a view to strengthening the role of Parliaments on a range of contemporary global issues.